## खबर संक्षेप

### माया धुर्वे बनी अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद महिला प्रभाग की जिलाध्यक्ष

**परासिया :** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की प्रांतीय बैठक विधायक विश्रामगृह खंड क्रमांक 2 भोपाल में आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता फग्गन सिंह कुलस्ते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओर प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, सांसद मंडला और सम्पतिया उईके प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ओर कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा की गई। बैठक में प्रदेश संगठन द्वारा महेश सराठी जिलाध्यक्ष छिंदवाड़ा अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की अनुशंसा पर माया धुर्वे निवासी तामिया को संगठन में महिला प्रकोष्ठ छिंदवाड़ा का जिलाध्यक्ष नियुक्ति किया गया है। आदिवासी समाज के द्वारा उनकी इस नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई प्रेषित की गई है।

### युवा व्यवसायी शैलेश गुप्ता का निधन

**जुन्नारदेव।** नगर के युवा व्यवसायी शैलेश गुप्ता का आज प्रातः को हैदराबाद के निजी चिकित्सालय में दुखद निधन हो गया। वह बीते कई दिनों से असाध्य कैंसर रोग से पीड़ित थे। लगभग 46 वर्षीय शैलेश गुप्ता ने नगर के व्यवसाय जगत में स्वयं को स्थापित किया था। इस अल्प आयु में उनका निधन होना नगर के व्यवसायिक जगत के लिए बड़ा नुकसान है। इनकी अंतिम यात्रा कल बुधवार को प्रातः 10 बजे को वार्ड क्रमांक 10, बंधा रोड स्थित निज निवास से स्थानीय मोक्ष धाम हेतु रवाना होगी।

### कपड़ा बैंक ने मनाया होली मिलन समारोह

**छिंदवाड़ा।** कपड़ा बैंक "सेवा सहयोग समिति" छिन्दवाड़ा की जिला समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में समिति सदस्य शामिल होकर होली पर्व मनाया।

### अध्यक्ष के कक्ष में हुई बैठक, सम्पत्ति एवं जलकर की दरों पर हुई चर्चा

# परिषद की बैठक में वीडियो बनाने पर हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



नगर पंचायत न्यूटन चिखली में परिषद की बैठक के दौरान एक पार्षद द्वारा विडियो बनाए जाने पर हंगामा हो गया। जिसके बाद नाराज पार्षद और अध्यक्ष बैठक छोड़कर बाहर आ गई। बाद में अध्यक्ष के कक्ष में बैठक कर निर्धारित एजेंडे पर चर्चा हुई।

न्यूटन चिखली की परिषद की विशेष बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें मुख्य एजेंडा वित्तीय वर्ष 2025 - 20 के बजट पर चर्चा व शासन की गाईडलाइन के अनुसार संपत्तिकर व जलकर की दरों पर चर्चा होना था। निर्धारित समय दोपहर 1.00 बजे बैठक प्रारम्भ हुई। अध्यक्ष की सहमति से एजेंडे के अनुसार कार्यवाही प्रारंभ हुई। इसी बीच वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद जंयत राय के द्वारा महिला जनप्रतिनिधियों की विडियो ग्राफी की जाने लगी। जिससे अध्यक्ष सहित समस्त महिला जनप्रतिनिधियों द्वारा उनके वीडियो बनाये जाने पर आपत्ति जताई गई। क्योंकि पूर्व में भी उक्त पार्षद द्वारा महिलाओं के विडियो बनाकर सार्वजनिक किये गये थे। महिला प्रतिनिधियों द्वारा मना किये जाने के बाद भी उक्त पार्षद द्वारा वीडियों बनाया गया। जिससे नाराज होकर अध्यक्ष सहित अन्य पार्षद एवं सभापति नीरू चंदेल, अर्चना डेहरिया, रेखा डेहरिया, कविता यदुवंशी बैठक को बीच में ही छोड़कर बाहर आ गईं। महिला जनप्रतिनिधियों द्वारा पार्षद के उक्त कृत्य की शिकायत मुख्य नगरपालिका अधिकारी से भी की गई।

हंगामा शांत होने के बाद मौजूद पार्षदों की सहमति से अध्यक्ष के कक्ष में परिषद की बैठक हुई। जिसमें बजट पर चर्चा के पश्चात बजट को पास कर दिया गया। पास किये गये बजट में कोई अतिरिक्त कर नहीं लगाया गया एवं संपत्तिकर और जलकर बढ़ाये जाने के एजेंडे को आगामी बैठक में चर्चा किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। अध्यक्ष अनुपना राय द्वारा बताया गया, कि बजट जैसे महत्वपूर्ण विषय पर बुलाई गई थी। परिषद की बैठक में एजेंडे से अलग हटकर पार्षद जयंत राय द्वारा हंगामा किया गया और महिलाओं के वीडियो बनाये गये। इससे महिला सदस्य असहज महसूस कर रही थीं। इसलिये पार्षद जयंत राय को वीडियो बनाने से मना किया गया, परन्तु उनके द्वारा महिलाओं को अपमानित किये जाने के इरादे से विडियों बनाया गया। जिसके विरोध में सभी महिला जनप्रतिनिधि बैठक से बाहर आ गये। चूंकि बजट पर चर्चा होना अनिवार्य था, इसलिये पूरे कोरम के साथ बैठक की गई और बजट पर चर्चा कर बजट को स्वीकृति प्रदान की गई।

### अपने बचाव में बनाया विडियो

इधर पार्षद जयंत राय ने बताया कि उन्होंने अपने बचाव में विडियो बनाया क्योंकि पूर्व में महिला पार्षदों और अध्यक्ष के द्वारा उन पर अनर्गल और झूठे आरोप लगाकर शिकायत की जा चुकी है। रही बात बैठक छोड़कर जाने की तो ऐसा जानबूझकर किया गया है, क्योंकि वे जानते थे कि मेरे द्वारा बैठक में ऐसे सवाल किए जाएंगे जिनका जवाब वे देना नहीं चाहते।

### अधूरे प्रकरणों को जल्द से जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने सुनी 100 आवेदकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 100 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, छात्रवृत्ति दिलाने, बिजली के खम्बे लगाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम माल्हनवाड़ा के श्री रंजीत डेहरिया व ग्राम पालाखेड़ की श्रीमती मनीषा मानकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम मोरडोंगरीखुर्द की श्रीमती सुकवती प्रजापति ने लाड़ली लक्ष्मी योजना की राशि दिलाने प्रकरण आए।

# ऋण अदायगी के मात्र 10 दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से सम्बद्ध 146 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ सीजन में कृषि कार्य हेतु अल्पकालीन फसल ऋण लेने वाले कृषको को 28 मार्च तक ऋण का शत-प्रतिशत भुगतान करना होगा। यदि किसानों के द्वारा ऋण का शत-प्रतिशत भुगतान नहीं किया जाता है तो उन्हें शासन की शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा। वही ऋणी कृषक को उक्त राशि ब्याज एवं दण्ड ब्याज के साथ भुगतान करना होगा। शासन द्वारा संचालित शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजना के अनुसार कृषकों को अपने ऋण की अदायगी ड्यू डेट तक अनिवार्य रूप से करना होता है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छिन्दवाड़ा के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ए.के. जैन ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों से ऋण लेने वाले कृषकों को 28 मार्च तक अपने ऋण की अदायगी करने के लिये निरंतर सूचित किया जा रहा है। साथ ही उनसे अपील की जा रही है कि वे दिनांक 28 मार्च 2025 तक अपने कालातीत एवं अकालातीत ऋण की चुकौती कर समस्त प्रकार की वैधानिक कार्यवाहियों एवं लगने वाले ब्याज एवं दण्ड ब्याज से बचे और दिनांक 01 अप्रैल 2025 से पुनः नया ऋण प्राप्त करें। कालातीत ऋणी सदस्यों जो निरंतर समझाइस के उपरांत भी ऋण की चुकौती नहीं कर रहे है उनके विरूद्ध भी सहकारी अधिनियम अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही लगातार की जा रही है। 01 अप्रैल से मिलेगा नया ऋण बैंक से संबद्ध समितियों के माध्यम से अल्पकालीन फसल ऋण लेकर समायावधि में चुकौती करने वाले कृषकों को अप्रैल 2025 से उनकी पात्रता अनुसार पुनः ऋण वितरण किया जावेगा।



# नवागत एएसपी ने लिया दमुआ थाने का जायजा

**दमुआ।** आज छिंदवाड़ा जिले के नवागत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस आयुष गुप्ता जी का दमुआ आगमन हुआ। उन्होंने अपने निरीक्षण के दौरान थाने का आपराधिक रिकार्ड मालखाना व अपराधों की तुलनात्मक जानकारी के साथ ही फरार व इनामी वारंटियों की प्रोग्रेस रिपोर्ट जानी एवं गस्त और तेजी से जारी रखने के लिए आदेशित किया। अपने अल्प प्रवास के दौरान क्षेत्र के पत्रकारों से भी रूबरू हुएइस अवसर पर एसडीओपी जुन्नारदेव सोनम पाटिल एसडीओपी परासिया जितेन्द्र जाट थाना प्रभारी दमुआ थाने का पूरा स्टॉफ उपस्थित था।

# नागरिकों को की जा रही प्रदूषित पानी की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ



दमुआ निकाय क्षेत्र के क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 नंदन, कालीछपर क्षेत्र में नागरिकों को पीने का पानी प्रदूषित गंदा सप्लाई किया जा रहा है लोग गंदा दूषित गंदगी मिला पानी पीने को मजबूर है और गंदा पानी पीकर लोग बीमार पड़ रहे हैं गंदे पानी के उपयोग से लोगों को त्वचा संबंधी बीमारियों का खतरा बना है ऐसा लगता है कि डेम से दिए जाने वाले पानी की सप्लाई फिल्टर प्लांट में क्लोरीन पाउडर नहीं डाला जा रहा और नाही पानी को फिल्टर किया जा रहा है और कई जगह से पानी की पाइपलाइन भी लीकेज बताई गई है जिसकी वजह से गंदा पानी भी आ सकता है इस तरह वासियों में श्री मुकेश श्रीवास्तव, स्वाति सिंह, मोहम्मद अफरोज, पप्पू साहिल, राजीव भाई वार्ड क्रमांक 4 के समस्त निवासियों ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका दमुआ द्वारा गंदा एवं प्रदूषित पानी की सप्लाई की जा रही है और इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा जबकि गर्मी का दौर चल रहा है लोगों को शुद्ध जल मिलना चाहिए यदि शुद्ध जल लोगों को पीने को नहीं मिलेगा तो लोगों का स्वास्थ्य खराब होगा और तबियत भी कर सकती है और लोग बीमार हो सकते हैं जबकि नगर पालिका में वार्ड वासियों के द्वारा इस समस्या को लेकर लिखित आवेदन दे दिया गया है किंतु जनप्रतिनिधियों अधिकारियों की लापरवाही के कारण लोग फिजूल परेशान हो रहे हैं और लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे है।

### शासकीय एकीकृत उमा मोड़कुण्ड में आयोजित किया प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

शासकीय एकीकृत उ मा वि मोड़कुण्ड में आयोजित किया गया प्रतिभावान छात्र सम्मान जिसके अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन के द्वारा कक्षा 12वीं में विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र एवं एक छात्रा को स्कूटी प्रदान की गई। संस्था के छात्र मयंक चंचल वाणिज्य संकाय एवं शिवानी यदुवंशी विज्ञान संकाय ने पेट्रोल चालित वाहन क्रय किया जिसकी राशि 90000 मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा उन्हें प्रदाय की गई। उत्कृष्ट छात्रों को 75 प्रतिशत अंक से अधिक अंक प्राप्त करने पर शासन द्वारा लैपटॉप की 25000 की राशि भी संबंधित छात्राओं के खाते में डाली गई जिसमें संस्था के छात्र कुमारी चित्रशा नागवंशी, कुमारी शिवानी यदुवंशी एवं सुमन मर्सकोले को लैपटॉप की राशि प्राप्त हुई। संस्था के प्राचार्य श्री मनोज श्रीवास्तव के द्वारा विद्यालय का नाम गौरवांवित करने पर समस्त छात्र-छात्राओं को बधाई प्रेषित की एवं वर्तमान सत्र में आए कक्षा बारहवीं में अध्यनरत छात्र छात्राओं को बताया कि यदि हम लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करेंगे तो हम निश्चित रूप से अपने माता-पिता एवं अपने गांव का नाम रोशन कर सकेंगे।

# सांसद ने ग्रामीण क्षेत्रों में दी 16 लाख के विकास कार्यों की सौगात

### विकासखंड चौरई के गांवों में होंगे विभिन्न निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



सांसद बंटी विवेक साहू ने अपनी सांसद निधि से चौरई विकासखंड के विभिन्न गांवों में कई निर्माण कार्यो के लिए 16 लाख के विकास कार्यो की सौगात ग्रामीणजनों को दिए। इन विकास कार्यो की कई सालों से मांग की जा रही थी, जो अब पूरी होने पर ग्रामीणजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू के चौरई विकासखंड के दौरे के दौरान ग्रामीणजनों ने उनके समक्ष उनके गांवों में कई निर्माण कार्यो के लिए निवेदन किया था। जिसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए सांसद श्री साहू ने ग्रामीणों की मांगों को पूरा किया और अपनी सांसद निधि से 16 लाख की राशि स्वीकृत कर दी है। सांसद श्री साहू ने कहा कि छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में भाजपा सरकार के सहयोग से ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। हम इन दो जिलों का विकास करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, चाहे वो ग्रामवासी हो या शहरवासी सभी जायज मांगें पूरी की जायेगी। हमारी मंशा है कि ग्रामीणों को भी शहरवासियों की तरह हर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हो।

### इन गांवों में सांसद निधि से होंगे विकास कार्य

चौरई विकासखंड के गांवों में कई विकास कार्य कराये जाएगें। पूर्व विधायक रमेश दुबे, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, मंडल अध्यक्ष विजेन्द्र ठाकुर, शैलेन्द्र चोपड़े, रमाकांत पटेल, ओम पटेल, भाजपा जिला उपाध्याक्ष बंटी पटेल की अनुशंसा पर ग्राम पचगांव में राममिलन के घर से रघुवीर रघुवंशी के घर तक सी.सी.रोड निर्माण के लिए 2 लाख, खातीपिपरिया में कलामंच निर्माण के लिए 1 लाख, आमगांव में कलामंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम कुंडा रैयतवाड़ी में सी.सी.रोड निर्माण के लिए 2 लाख, ग्राम गुंजी में बाबूलाल के घर से धनराज के घर तक सी.सी. रोड निर्माण के लिए 2 लाख, ग्राम पिंडरई कला में कलामंच के लिए 2 लाख, ग्राम थांवरी में कलामंच निर्माण के लिए 2 लाख, ग्राम भाजीपानी में गोलू पटेल के घर से संदीप पटेल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण के लिए 2 लाख एवं ग्राम चन्हियाकलां में हनुमान मंदिर से दशरथ पटेल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण के लिए 2 लाख की राशि स्वीकृत की है। उक्त राशि स्वीकृत किये जाने पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

# होली हमारी भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण त्यौहार है: श्री यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

होली मिलन से सब में एकता का भाव जागृत होता है श्री शेषराव यादवछिंदवाड़ा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव की अध्यक्षता में एवं जिले के वरिष्ठ नेतृत्व, कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति की उपस्थिति में मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री यादव ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और जिले के निवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।होली मिलन समारोह में सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं जिले के सभी निवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली हमारी भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण त्यौहार है। उन्होंने कहा कि होली में एक दूसरे से गले मिल कर शांति, सद्भावना और भाईचारा संदेश दिया जाता है और होली मिलन से सब में एकता का भाव जागृत होता है। उन्होंने कहा भक्त प्रहलाद भगवान नारायण के अनन्य भक्त थे और होलिका को आग से ना जलने का वरदान प्राप्त था इसी के मद में चूर होकर होलिका भक्त प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर आग में बैठ गई लेकिन प्रहलाद के अनन्य भक्ति के सामने होलिका का वरदान निष्फल हो गया, तभी से हमारा होली का पर्व प्रारंभ हुआ।

### नकुलनाथ ने अपनों के साथ जमकर खेली गुलाल की होली

**छिंदवाड़ा।** राजीव कांग्रेस भवन में मंगलवार को उल्लास के माहौल में होली मिलन समारोह मनाया गया। दिन चढ़ने के साथ ही फिज़ा में रंग व फॉग के रस घुल गए। सारा आलम रंगीन हो गया। पूर्व सांसद नकुलनाथ के पहुंचते ही ढोल और मरीजों के साथ होरियारों की टोली में उत्साह दोगुना हो गया। ढोल की थाप पर नाचते-गाते कांग्रेस परिवार के सदस्यों व आमजन ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे से गले मिलकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। प्रातः काल से राजीव कांग्रेस भवन में जिले की आमंत्रित विख्यात फाग मंडियों के सदस्यों ने ढोल, झांझ, मजीरे पर सुमधुर फाग, चैता, बेलवाइया व उलारा जैसे पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति दी। गुलाल से सराबोर नकुलनाथ कांग्रेस भवन पहुंचते ही फाग के गीतों के रंग में भी रंगे नजर आए वे आमजन, कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ जमकर थिरके, उन्होंने फाग मंडियों के सदस्यों के बीच पहुंचकर पालती मारकर झांझ पर थाप दी तो मंडलियों के सदस्यों ने फाग की प्रस्तुति दी।






### जीवित समाधि स्थल पर उमडेगा लोगो का विशाल जन सैलाब

# आज सिंगोड़ी में लगेगा रंग पंचमी का विशाल मेला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

ग्राम सिंगोड़ी में स्थित जीवित समाधि स्थल कबीरवाडा में होली पर्व के पावन अवसर पर रंग पंचमी के मौके पर विशाल मेला आज लगेगा। समिति के सदस्यों ने बताया की यह रंगपंचमी का मेला सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसिद्ध है।जंहा छिंदवाड़ा जिले सहित आसपास के अनेक जिलो और प्रदेशो से श्रद्धालुभक्तगण ग्राम सिंगोड़ी के इस जीवित समाधि स्थल प्रांगण पंथ श्री सुरुतिसनेही नाम साहेब के स्थल पर दर्शनार्थ हेतु पहुँचते है। ग्राम में आज भक्तो की विशाल भीड़ रंगपंचमी के मेले पर उमड़ेगी।

इसके साथ ही आज विशाल निसान शोभायात्रा भी इस स्थल से निकाली जायेगी जो ग्राम के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए गुजरेगी ।वही इस सम्पूर्ण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनेक नेतागण और वरिष्ठजन अपनी उपस्थिति प्रदान कर इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करेंगे।इस अवसर पर आज रंगपंचमी मेले के इस आयोजन को लेकर आस्था का विशाल मेला इस प्रांगण में लगेगा। पांच दिन से चल रहा विशाल भंडारा। पंथ श्री हुजूर सुरुति सनेही नाम साहेब के जीवित समाधि स्थल कबीरवाड़ा प्रांगण में पांच दिवसीय भंडारा का आयोजन कबीरबाडा में साहेब समिति के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें समिति के द्वारा सभी धर्मप्रेमी बंधुओं के साथ जीवित समाधि स्थल पर सर्वधर्म समभाव की भावना को लेकर रात्रि के समय दिनांक 15 मार्च से लगातार भंडारा का आयोजन यहां किया गया। साथ ही भंडारा का आयोजन हर वर्ष यंहा किया जाता है। जिसमे सभी धर्म संप्रदाय के लोग इस कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान करते है ।

# नवमीं-ग्यारहवीं परीक्षा में दो बहनों ने लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

मंगलवार को शासकीय कन्या उमा विद्यालय सौसर मे स्थानीय परीक्षा नवमी एंव ग्यारहवी के परिणाम घोषित किये।संस्था मे उमंग प्रभारी शिक्षक सूर्यकीर्ति काले ने बताया की जीवन कौशल शिक्षा एवं इक्कीसवीं सदी मे आश्यकता के अनुसार विषयों का चयन कर छात्र अपना उज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते है ।

स्थानीय परीक्षा प्रभारी किर्तिसागर बागडे ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया की इस बार संस्था मे दो सगी बहनो ने कक्षा नवमी मे छोटी बहन कु रसिका एंव इसकी बड़ी बहन हिमाक्षी निंबुलकर ने ग्यारहवी मे सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। कक्षा नवमी का वार्षिक परीक्षा परिणाम 76 प्रतिशत रहा जिसमे प्रथम कु. रसिका निंबुलकर,द्वितीय कु दीक्षा मर्सकोल्हे,तृतीय कु संध्या कुमरे ,रूनजुन धुर्वे ,कोमल कवरेती ललिता बावने रही। 20 छात्राएं प्रथम श्रेणि तथा 16 छात्राएं द्वितीय श्रेणी मे रही।विज्ञान संकाय मे जीव विज्ञान एंवम गणित संकाय का परिणाम सौ प्रतिशत रहा जिसमे प्रथम कु प्रतिमा कुमरे, द्वितीय कु.सोनाली कडू , तृतीय कु. प्राची भोगाडे रही कला संकाय का 83 प्रतिशत रहा जिसमे प्रथम हिमाक्षी निंबुलकर द्वितीय नैना बागडे,मयूरी धुर्वे कु. खुशबु गजभीये ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस वर्ष प्रवेश सभी कक्षाओ मे 31 मार्च तक लेना अनिवार्य है तथा 1 अप्रेल से नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो रहा है।संचालन शकुंतला कमाले,आभार प्रदर्शन राजरत्न बागडे ने किया।इस अवसर पर राजेंद्र डोंगरे,प्रमोद नागदवने, रेखराज राउत,आशीष वैद्य, अतुल बनाईत, सरोज वालके,संगीता ढोके आदि थे।

# नवरात्र में गरबा महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



गरबे के रंग में रंगेगा का दमुआ क्षेत्र भूमिका भास्कर परिवार के द्वारा आयोजित चैत्र नवरात्रि के मां दुर्गा जी की आराधना उपासना के पावन अवसर पर आपके अपने क्षेत्र दमुआ नगर में दिनांक 2, 3, व 4 अप्रैल 2025 से गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है स्थान त्रिषा मैरिज गरबा महोत्सव कार्यक्रम के पावन अवसर पर माता रानी जी के दरबार में समस्त भक्त जनों एवं भक्ति श्रद्धालुओं, मातृ शक्तियों ,महिला, युवतियों ,पुरुषों युवाओं, बालक, बालिका आदि सभी को हाजिरी लगाना है और पूर्ण लाभ अर्जित करना है सहयोगी कार्यकर्ता सदस्यों में श्री पंकज साहू, निक्की सिंह, प्रिंस राजपाल, राम डेहरिया, राहुल चौहान, गगन सोनी, पारस बंदेवार ,पप्पू पांडे ,दुर्गा राजपूत अभय ओरिया,संजय शीलू, मनीष चौरसे ,योगेश गुजरे, हिमांशु बंदेवार ,नवीन साहू शिवम पवार ,केतन नागले आदि अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहेगा।

## साइंस ओलिंपियाड परीक्षा में बच्चों ने मारी बाजी

**सौंसर।** हाल ही में अंतरराष्ट्रीय साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा साइंस ओलिंपियाड का आयोजन किया गया था। आयोजन में सौसर पब्लिक स्कूल के कक्षा 5 वी से 8 वी तक के छात्रों ने भाग लिया था। जिसमे 6 छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है, संस्था संचालक नरेश आकोटकर ने बताया कि ओलंपियाड की परीक्षा कुमारी प्राची भोयर, सौम्या इंगले,अंश हेड़ाऊ विफ़्रूल तथा कुमारी मिनल बावने नेगोल्ड मेडल अर्जित किए है। साथ ही कुमारी प्राची भोयर का द्वितीय स्तरीय परीक्षाएं में चयन हुआ है। गोल्ड मेडल प्राप्त छात्रों का संस्था संचालक नरेश आकोटकर प्राचार्य घनश्याम सनेसर,शिक्षिका सुश्री तनुजा पालीवाल ने मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र व प्रगति पत्र देकर सम्मानित किया।



## श्री राममंदिर में हुई एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां



**सौंसर।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 में श्री राम हनुमान मंदिर में भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोहन भजन मंडल अमरावती द्वारा श्री राम मंदिर में मनमोहक भजनों की शानदार प्रस्तुतिया देते हुए दर्शकों मंत्र मुग्ध कर दिया। होली मिलन कार्यक्रम मेंमनभावन रामायण की रचयिता श्रीमती रजनी अकोली कर द्वारा स्वरचित गीतों की माला पिरोते हुए अपनी साथी श्रीमती अलकनंदा तुलजापुर कर के साथ प्रस्तुत करते हुए अपनी स्वर लहरी से सभी श्रद्धालुओं का मन मोर लिया। इस अवसर पर श्रीमती वंदना वानखेडे, संगवाई गुर्जर,दीप्ति खड़तकर द्वारा मनभावन भजनों का शानदार प्रस्तुतीकरण किया गया हारमोनियम पर रामेश्वर सुपतकर कर एवं ढोलक व तबला पर विट्ठल भाऊ ने साथ दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित थे।

# न्याय दिलाने का कार्य करता है पत्रकार: पूर्व विधायक अजय चौरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



मीडिया संगठन मध्यप्रदेश के तत्वाधान में सौसर के हेरीटेज लॉन में पत्रकार होली मिलन समारोह ओर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया। आयोजन के दौरान कवियों के द्वारा होली देशभक्ति राजनीति पर एक से बढ़कर एक हास्य व्यंग की प्रस्तुतियां देती हुई जमकर तालियां बटोरी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीशप्रकाश उईके,पुर्व विधायक अजय चौरे, हास्य कवि सफर जौनपुरी,महिला कवि रूपा बिरासनी, मीडिया संगठन मध्यप्रदेश प्रदेशाध्यक्ष गयाप्रसाद सोनी एसडीओपी पुलिस डी.व्ही एस.नागर,दिलीप घोरमारे,एस आर शेंडे थे। कार्यक्रम की प्रस्तावना मीडिया संघ के संभागीय अध्यक्ष राम ठाकरे,ने रखते हुए संगठन के संबंध में जानकारी दी। प्रदेशाध्यक्ष गया प्रसाद सोनी ने कहा कि मीडिया संगठन एक ऐसा संगठन है,जो पत्रकारिता के साथ -साथ सामाजिक कार्य पौधारोपण, गोसेवा स्वास्थ्य शिविर, पत्रकार साथियों पर होने वाले अन्य अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने के आदि में हमेशा आगे रहता है। पूर्व विधायक अजय चौरे ने कहा कि केवल पत्रकारिता ही नहीं,इस मध्यप्रदेश के साथ किसानों को, लोगों को जागरूक करने का कार्य भी मिडिया संगठन ओर पत्रकार करता है। मंच संचालन पत्रकार मुकेश बागडे ने किया, कार्यक्रम में पांढुर्णा जिला अध्यक्ष गौरव बावनकर, छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष मनेश साहु, सविता हिंगवे,अंकिता शर्मा,जितेंद्र ठाकुर,असलम खान, बाबा भायदे,श्रावण कामडे, मुकेश कुरेठे, चेतन साहू, रमेश पाठे, संतोष खरवडे, योगेश इंगोले,उमेश गुहे,नितिन भुते, प्रतिक गजभिए,निमेस धनतोले,आदि थे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन भीमसेन धंतोले ने किया।

# आदिवासी माना समाज दुलापुर की चतुर्थ वर्षिक बैठक एवम होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज लांजी।



18 मार्च को आदिवासी माना उत्थान समिति लांजी के अंतर्गत आदिवासी माना समाज दुलापुर की चतुर्थ वार्षिक बैठक एवम होली मिलन समारोह का आयोजन आज दिनाँक18 मार्च दिन मंगलवार को आखर चौक दुलापुर में किया गया।आदिवासी समाज की प्रमुख विचारधाराओं को सर्व आदिवासी समुदाय के समक्ष प्रस्तुत कर बैठक की शुरुआत की गई।आदिवासी माना समाज दुलापुर ने समाज मे व्याप्त विभिन्न कुरीतियों को ख़त्म कर फसल और नस्ल को सुरक्षित रखने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सर्वसम्मति से समाज हित मे पारित किया।विदित हो कि आदिवासी माना समाज लांजी अपने विशिष्ट रिवाज़ो और संस्कृतियो की वजह से अपनी अलग पहचान रखता है।आज दिनांक को अनेक सामाजिक मुद्दों को समाज के बीच मे रखा गया।कई जरूरी मुद्दों को समाजहित में पारित किया गया।समाज के विभिन्न वक्ताओं ने समाज मे व्याप्त वीभिन्न कुरीतियों को खत्म करने हेतु अपने मार्गदर्शन सुझाव प्रदान किए।आज की वार्षिक बैठक में मुख्य रूप से आदिवासी माना समाज दुलापुर के अध्यक्ष ऋषि चौके ,सचिव संजय धारने ।संरक्षक ऋषिकेश घोरमारे ,पतिराम वाकड़े ।कार्यकारिणी सदस्य टूमन घोरमारे ,सालिकराम नारनौरे ,सेवकराम नारनौरे ,भावजी नेवारे ,अतुल हनोते ,रेवाजी सोरकुरे ,श्यामराज गुर्दे ,संतोष धारने ,सूरज राणे ,परशुराम धारने एवं अन्य माना समाज दुलापुर के सदस्य सम्मिलित रहे।

# ग्राम पंचायत हट्टा में सम्पन्न हुई स्थावर सम्पत्ति नीलामी



**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम में ग्राम की स्थावर संपत्ति की नीलामी किये जाने का अधिकार ग्राम पंचायतों को दिया गया हैं। अधिनियम की धाराओं के उपयोग कर ग्राम पंचायत हट्टा में दिनांक 18/03/2025 को संपत्ति की नीलामी की कार्यवाही सम्पन्न कराई गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बालाघाट द्वारा उक्त नीलामी हेतु पंचायत समन्वयक अधिकारी श्री सुरेश श्रीवास्त्रि को नामांकित किया गया था। इनकी उपस्थिति में ग्राम पंचायत के साप्ताहिक बैठकी/मवेशी बाजार, सायकल स्टैंड, व दैनिक गुजरी की नियमानुसार नीलामी कराई गई। नीलामी प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ होकर देर शाम 5 बजें तक सम्पन्न हुई। साप्ताहिक मवेशी बैठकी बाजार में 8 बोलीकर्ता, सायकल स्टेण्ड में 13 बोलीकर्ता व दैनिक गुजरी में 7 बोलिकर्ताओं ने भाग लिया। नीलामी में सरपंच उमेश सोनेकर उपसरपंच वीरेंद्र बिसेन, पंचायत सचिव राजेन्द्र पिछोडे सहायक सचिव सचिन चन्देलवार व पंचगण रूपेश गेडाम, राजेश बुर्रे, संजय कसार, भीमेश्वर डोंगरे, पन्नालाल सोनी व ओमप्रकाश पिछोडे, प्रवीण फुलोके व बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल रहें।

# कलेक्टर ने कालोनाईजर पर कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक को दिए निर्देश

**मामला न्यू विवेकानंद कालोनी के बिल्डर व कालोनाइजर द्वारा उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी का**



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

सर्वसुविधायुक्त कालोनी बनाकर देने का लालच देकर उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी कर प्लॉट बेचने व मकान बनाकर देने वाले बिल्डर व कालोनाईजर प्रबल मिश्रा व जितेन्द्र उर्फ जीतू नगपुरे के खिलाफ वारासिवनी पुलिस द्वारा पिछले 5 माह में भी एफआईआर दर्ज नहीं करने की शिकायत लेकर कलेक्टर बालाघाट की जनसुनवाई में पहुँचे न्यू विवेकानंद कालोनी के रहवासियों की शिकायत पर कलेक्टर बालाघाट मृणाल मीणा ने पुलिस अधीक्षक बालाघाट को शिकायत अनुसार कालोनाईजर पर कार्यवाही करने के लिए आवेदन को भेज दिया हैं। अब देखना यह हैं कि पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा इस मामले में क्या कार्यवाही की जाती हैं।

**बिल्डर व कालोनाईजर प्रबल मिश्रा व जीतू नगपुरे ने बेचे हैं प्लॉट व भवन:** न्यू विवेकानंद कालोनी वारासिवनी निवासी पीड़ित उपभोक्ता के एल सोनवाने ने बताया कि बिल्डर व कालोनाईजर प्रबल मिश्रा व जितेन्द्र उर्फ जीतू नगपुरे द्वारा वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 4 में बालाघाट मार्ग पर विवेकानंद कालोनी के पीछे हिस्से में न्यू विवेकानंद कालोनी का निर्माण किया गया। जिसमें उनके द्वारा लगभग 20-22 लोगों को वर्ष 2018-19 में प्लॉट व उस पर मकान बनाकर दिए गए हैं। इस कालोनी में उन्होंने मापदंडों के अनुरुप सुविधाऍं बिजली, सडक़, नाली, बगीचा सहित अन्य सुविधाऍं उपलब्ध करवाने का वादा किया था। लेकिन आज तक उनके द्वारा हमें किसी भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं। वर्तमान समय में हमारे आवागमन के लिए भी कोई भी सडक़ मार्ग उपलब्ध नहीं हैं। जिससे हमारी स्थिति इस कालोनी में कैदी जैसी हो गई हैं।

**जनसुनवाई में लगातार शिकायत कर रहे हैं पीड़ित कालोनीवासी:** उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी कालोनीवासियों द्वारा कलेक्टर बालाघाट की जनसुनवाई में 3 सितम्बर 24, 15 अक्टूबर 24, 5 नवम्बर 2024, 19 नवम्बर 24, 10 दिसम्बर 2024, 31 दिसम्बर 2024 व 21 जनवरी 2025 को आवेदन दिए गए थे। जिस पर कलेक्टर बालाघाट के निर्देश पर वारासिवनी के अधिकारियों ने पेयजल की व्यवस्था के लिए कालोनाईजरों से बोर करवा कर पेयजल की व्यवस्था करवाई थी। लेकिन आवागमन के लिए सडक़ मार्ग की व्यवस्था आज तक नहीं करवाई गई हैं। अभी सभी लोग कालोनी में खाली पड़े हुए कुछ प्लॉटों से आना-जाना कर रहे हैं। अब इन प्लॉटों के मालिकों द्वारा भी मकान बनाने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा हैं, तो फिर आवागमन के पूरे मार्ग बंद हो जायेगे।

**4 माह बाद भी पुलिस ने नहीं की एफआईआर दर्ज:** श्री सोनवाने ने बताया कि इस संबंध में कलेक्टर बालाघाट द्वारा हमें बिल्डर व कालोनाईजरों के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर करवाने के निर्देश दिए गए थे। जिस पर हमने वारासिवनी पुलिस थाने में 12 नवम्बर 2024 को आवेदन देकर बिल्डर व कालोनाईजर के खिलाफ एफआईआर करने का निवेदन किया था। लेकिन 4 माह बीतने के बाद भी पुलिस अधिकारियों ने एफआईआर दर्ज नहीं की हैं। इस संबंध में हमने पुलिस अधिकारियों से कई बार मुलाकात कर एफआईआर दर्ज करने की मॉग भी की, लेकिन उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसीलिए हमने 18 मार्च 25 को एक बार फिर कलेक्टर बालाघाट की जनसुनवाई में उपस्थित होकर आवेदन दिया हैं और बिल्डर व कालोनाइजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने व कालोनी अधिनियम के तहत उनसे सुविधाऍं दिलवाने की मॉग की हैं।

### क्या पुलिस अधीक्षक करवा पायेगे कार्यवाही?

उन्होंने बताया कि हमारे आवेदन पर कलेक्टर बालाघाट ने तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक बालाघाट को कालोनाईजर के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए पत्र प्रेषित कर दिया हैं। अब देखना यह हैं कि पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा कालोनाईजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाते हैं या नहीं? यदि इसके बाद भी कालोनाईजर के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होगी, तो कालोनीवासियों द्वारा एसडीएम कार्यालय के सामने तम्बू गाडक़र अनशन पर बैठा जायेगा।

यहॉ उल्लेखनीय हैं कि वारासिवनी क्षेत्र सहित पूरे जिले में विभिन्न व्यक्तियों द्वारा अवैध रुप से प्लॉटिंग कर प्लॉटों को बेचा गया हैं। जिनमें लोगों ने मकान भी बना लिए हैं। लेकिन कालोनाईजरों द्वारा जो सपने व ख्वाब उपभोक्ताओं को प्लॉट बेचते समय दिखाए गए थे, उनमें से एक भी ख्वाब कालोनाईजरों ने पूरे नहीं किए हैं।

### ग्राम पंचायत बिसौनी के उपसरपंच ने दी ग्रामीणों के साथ 15 अप्रैल से हड़ताल करने की चेतावनी

# 10 अप्रैल तक घरों में नहीं पहुंचा नल-जल योजना का पानी तो की जाएगी भूख हड़ताल: पवन कश्यप





**हरिभूमि न्यूज लांजी।** गर्मी की शुरुआत होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में पानी को लेकर समस्या उत्पन्न होने लगी है तथा सरकार की नल जल योजना पर भी सवाल उठने लगे हैं। इसी कड़ी में लांजी जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बिसोनी के दखनीटोला आवास में बनी पानी टंकी जो 4 वर्ष पूर्व बनकर तैयार हो चुकी है। शोभा की सुपारी बनी हुई है तथा ठेकेदार द्वारा अब तक यहां पर पाइपलाइन का विस्तार नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीणों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। वही पर्याप्त पानी न मिल पाने के कारण ग्रामीणों में विभाग के प्रति जमकर आक्रोश है, जिसको लेकर अब ग्राम पंचायत बिसोनी के उपसरपंच पवन कश्यप एवं ग्रामीणों ने आगामी 15 अप्रैल से भूख हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। इस संबंध में इनके द्वारा पीएचई विभाग और कलेक्टर को भी आवेदन देकर सूचना दे दी गई है। हड़ताल के संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए उपसरपंच पवन कश्यप ने बताया कि ग्राम पंचायत बिसोनी के अंतर्गत आने वाले ग्राम दखनीटोला आवास में पिछले 4 वर्षों से नल-जल योजना के अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण किया गया है परन्तु ठेकेदार द्वारा ग्राम में आज दिनांक तक पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है और न ही ग्रामीणों के घर तक जल पहुंचाने का काम नहीं किया गया है। इस संबंध में पूर्व में भी कलेक्टर एवं पीएचई विभाग को कई बार शिकायत की गई, फिर भी शासन- प्रशासन के कानो में जूं तक नहीं रेंगी। नल-जल योजना का लाभ नहीं मिलने से ग्रामिणों को दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। वर्तमान में शुरू हुई भीषण गर्मी को देखते हुए शुरूआती दौर से है ग्रामीणों में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। जबकि वर्तनान कलेक्टर द्वारा मार्च माह के आखिरी तक नल-जल योजना से घर-घर तक जल पहुंचाने का आदेश किया गया था, परन्तु ठेकेदार एवं विभाग की निष्क्रियता के कारण ग्रामीणों को पानी के लिये तरसना पड़ रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों में विभाग के प्रति बहुत आक्रोश है। ग्रामीणों के गुस्से को देखते हुए यदि 10 अप्रैल तक ग्रामीणों के घर तक नल जल योजना ने पानी मिलना शुरू नहीं हुआ तो ग्राम के उपसरपंच पवन कश्यप एवं ग्रामीणों द्वारा दखनीटाला आवास में बनी पानी टंकी के नीचे 15 अप्रैल को भूख हडताल किया जायेगा। जब तक जल घरों तक नहीं पहुंचेगा तब तक भूख हडताल समाप्त नहीं की जाएगी। अगर इस दौरान कोई भी कोई भी परेशानिया आती है तो उसकी संपूर्ण जबाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। उन्होंने शासन प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत बिसोनी के ग्राम दखनीटोला में बनी पानी टंकी से पाइप लाइन बिछबा कर जल्द से जल्द ग्रामीणों के घर तक नल-जल योजना का लाभ दिलवाने की कृपा करें। अन्यथा हमारे द्वारा भूख हड़ताल के लिए विवश होना पड़ेगा।

## ऐडीमेड कपड़े की दुकान में लगी आग, 3 लाख रुपये का नुकसान

**वारासिवनी।** शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी के सामने फुटपाथ पर लगी एक रेडीमेड कपड़े की दुकान में सोमवार की रात्रि में आग लग जाने से उसमें रखे हुए लगभग 3 लाख रुपये के कपड़े व अन्य सामान जल कर खाक हो गए। इस मामले में पुलिसकर्मियों की सतर्कता व तेजी भी दुकान के अंदर रखे हुए कपडों को जलने से बचाने में नाकाम हो गई। लेकिन उनकी सतर्कता व सूझबूझ के कारण कपडे दुकान से लगकर बनाई गई अन्य कच्ची दुकानें जलने से बच गई। जानकारी अनुसार सोमवार की रात्रि लगभग एक बजे शासकीय चिकित्सालय के सामने फुटपाथ पर लगी हुई एक रेडीमेड कपडे की दुकान में अचानक आग लग गई। इस आग को देखकर किसी ने पुलिस विभाग को सूचना दी, तो तुरंत ही पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुॅच गए। जहॉ उन्होंने दुकान में लगी आग को देखकर निकट में स्थित नगरपालिका की पानी की टंकी परिसर में पहुचे और वहॉ पर सो रहे फायर ब्रिगेड के कर्मियों को उठाया।

# चैत्र नवरात्र 30 से, हाथी पर सवार होकर आएगी मां दुर्गा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

30 मार्च से शुरू होने वाली चैत्र नवरात्र इस बार शहर में विशेष धूमधाम से मनाई जाएगी। नवरात्रि के साथ-साथ रामनवमी का पर्व भी एक ही दिन मनाया जाएगा, जिसमें भगवान राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह पर्व न सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि शहरवासियों के लिए सांस्कृतिक समागम का भी एक अवसर होगा।

## चैत्र नवरात्र का शुभारंभ

इस साल चैत्र नवरात्र का शुभारंभ 30 मार्च को होगा, जो कि रविवार को शुरू हो रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 मार्च को शाम 4.27 बजे से शुरू होगी और 30 मार्च को दोपहर 12.49 बजे समाप्त होगी। इस दिन मां दुर्गा की पूजा का आयोजन होगा।

## मां दुर्गा के हाथी पर सवार होने का ये है महत्व

पंडित हरि कुमार तिवारी ने जानकारी दी कि इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर धरती पर आएंगी, जो एक शुभ संकेत माना जाता है। इस विशेष योग के कारण यह नवरात्रि का पर्व और भी खास बन जाता है। शास्त्रों के अनुसार, हाथी पर सवार होकर आने से धन-धान्य की प्राप्ति होती है और देश की अर्थव्यवस्था में सुधार आता है। मां दुर्गा का हाथी पर सवार होकर इस नवरात्रि के समापन में प्रस्थान करना भी बेहद शुभ माना जाता है। इस अवसर पर मन से की गई पूजा से भक्तों की हर मनोकामना पूरी हो सकती है।

## चैत्र नवरात्रि से हिंदू नववर्ष

चैत्र नवरात्रि हिंदू नववर्ष की शुरुआत भी होती है और यह एक ऐसा समय होता है जब लोग अपनी आध्यात्मिक इच्छाओं को पूरा करने के लिए पूजा-अर्चना करते हैं। मां दुर्गा की पूजा करने से न सिर्फ शारीरिक और मानसिक शुद्धि होती है, बल्कि अच्छे विचारों की प्राप्ति भी होती है। इस समय को भक्तों के लिए एक विशेष अवसर माना जाता है, जब वे अपने जीवन में सकारात्मकता और शांति ला सकते हैं।



## वास्तु शास्त्र के अनुसार पूजा स्थल

वास्तु शास्त्र के अनुसार, देवी दुर्गा की प्रतिमा का मुख पश्चिम या उत्तर दिशा की ओर रखना शुभ होता है। इससे घर में सुख-शांति बनी रहती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पूजा करते समय, भक्तों का मुख दक्षिण या पूर्व दिशा में होना चाहिए, जो देवी को प्रिय होता है। नवरात्रि के दौरान घर में शांति बनाए रखने के लिए तामसिक वस्तुओं से बचने और घर में साफ-सफाई रखने पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

## इन स्थानों पर सजेगा रामदरबार

चैत्र नवरात्र के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर राम दरबार की विशेष सजावट की जाएगी। इस बार दुर्गा चौक, भैरोगंज, मातादिवाला मंदिर ,शुक्रवारी में राम दरबार की स्थापना की जाएगी, जिससे शहर में एक भव्य धार्मिक माहौल बनेगा। नवरात्र के पहले दिन, श्रीराम सेवा समिति के पदाधिकारी हनुमान मंदिर में ध्वज फहराएंगे। इसके साथ ही, पूरे शहर को सुंदर लाइटिंग से सजाया जाएगा, जिससे नवरात्रि की रौनक बढ़ जाएगी।

## रामनवमी पर रामलीला और शोभायात्रा

नवरात्रि के अंतिम दिन भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाने के लिए रामलीला का मंचन किया जाएगा। इसके बाद, एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन होगा, जिसमें जिले भर से धर्मप्रेमी शामिल होंगे। यह शोभायात्रा विभिन्न झांकियों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जो लोगों को भगवान राम के आदर्शों और उनके जीवन के प्रति श्रद्धा से जुडने का एक अवसर प्रदान करेगी।

## कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि के दिन कलश स्थापना की जायेगी. इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग में मां जगदंबे की आराधना होगी. वैदिक पंचांग के अनुसार, प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 29 मार्च को शाम 4 बजकर 32 मिनट पर हो रही है. जो अगले दिन यानी 30 मार्च को दोपहर 12 बजकर 45 मिनट तक रहेगा. उदया तिथि के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि का मान्य 30 मार्च को होगा. कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त 30 मार्च को सुबह 06.13 से 10.22 बजे तक का है. वहीं दोपहर 12.01 से 12.50 बजे तक अभिजीत मुहूर्त है. इन मुहूर्तों में कलश स्थापना करना विशेष फलदायक होता है.

## बिना जौ बोये मां दुर्गा की पूजा अधूरी

नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना के साथ ही ज्वार या जौ भी बोई जाती है. जौ बोना बहुत शुभ माना जाता है. जौ को मिट्टी के पात्र में बोया जाता है और पूरे नौ दिन तक इसका पूजन किया जाता है. हिंदू धर्म में ऐसी मान्यता है कि बिना जौ बोये मां दुर्गा की पूजा पूरी नहीं होती है. आइये आपको बताते हैं कि आखिर नवरात्रि में जौ क्यों बोते हैं और जौ के उगने के बाद उससे निकले दानों के रंग क्या संकेत देते हैं.

## जानिए कैसे तय होती है मां दुर्गा की सवारी

नवरात्रि में मां दुर्गा की सवारी दिन के हिसाब से तय होती है. नवरात्रि की शुरुआत यदि रविवार या सोमवार से होता है तो मां दुर्गा का आगमन हाथी से होता है. नवरात्रि शुरुआत यदि मंगलवार या शनिवार से होता है तो मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आती हैं. गुरुवार या शुक्रवार को यदि नवरात्रि की शुरुआत होती है तो माता रानी डोली पर सवार होकर आती हैं. वहीं अगर नवरात्रि की शुरुआत बुधवार को हो रही है तो मां दुर्गा का आगमन नौका से होता है.

## खबर संक्षेप



### शिव महापुराण का श्रवण अवश्य करना चाहिए

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित श्रीशिव महापुराण में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए बताए कि यह शिवपुराण नामक ग्रन्थ चौबीस हजार श्लोको से युक्त है। इसकी सात संहिताएँ हैं। पूज्य महाराज श्री ने कहा कि मनुष्य को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से संपन्न होने के लिए शिव महापुराण का श्रवण अवश्य करना चाहिए। सात संहिताओं से युक्त यह दिव्य शिवपुराण परब्रह्म परमात्मा के समान विराजमान है तथा सबसे उत्कृष्ट गति प्रदान करने वाला है।

### कांग्रेस कार्यालय मे होली मिलन समारोह आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में दिनांक 19 मार्च 2025, दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे रंगपंचमी के शुभ अवसर पर जिले के समस्त कांग्रेस के साथियों के साथ होली मिलन का आयोजन रखा गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने समस्त कांग्रेस जनों से रंगपंचमी के अवसर पर होली मिलन समारोह में उपस्थिती हेतु अपील की है।



### जिला न्यायालय परिसर में विधि के छात्रों हेतु शिविर आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के श्री सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर में डी.पी. चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी के विधि छात्रों हेतु विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री रवि नायक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी द्वारा विधि छात्रों को जिला प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री राजेश कुमार सक्सेना द्वारा नालसा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के साथ ही विधि महाविद्यालय में स्थापित लीगल एड क्लीनिक, के संबंध में आवश्यक जानकारियॉ प्रदान की साथ ही नुक्कड़ नाटक इत्यादि के माध्यम से आम जनता को जागरूक किए जाने हेतु विधि छात्रों को प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में प्रोफेसर डी.पी. विधि महाविद्यालय सिवनी श्रीमती अन्नापूर्णा मिश्रा, प्रोफेसर डी.पी. विधि महाविद्यालय सिवनी श्रीमती आकांक्षा तिवारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एक महीने बाद भी वन विभाग सागौन तस्करों का नहीं लगा पाया पता

## एसडीओ गुरूदेव, रेंजर अमित सोनी के रहते केवलारी क्षेत्र में कटे थे सागौन के पेड़

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

वन विभाग अमला किस तरह निष्क्रीय है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लगभग तीन महीने पहले उप मंडल केवलारी में पदस्थ एसडीओ गुरूदेव, रेंजर अमित सोनी के रहते केवलारी परिक्षेत्र के अंतर्गत कुम्हाडा, देवझिर, सोनखार, केवलारी, मसानबर्रा एवं कंचनवाड़ा बीट में लगभग 165 हरे भरे पेड़ों की अवैध रूप से कटाई का मामला सामने आया था जिसके बाद 20 जनवरी 2025 को दक्षिण वन मंडल के डीएफओ गौरव कुमार मिश्रा ने एक जांच टीम का गठन किया था जिसमें उप वन मंडल अधिकारी सिवनी योगेश पटेल, वन क्षेत्रपाल हिमांशु राय, वन परिक्षेत्र अधिकारी बंडोल पीयूष गौतम, वन क्षेत्रपाल कार्यालय परिक्षेत्र अधिकारी बरघाट एन.पी. भलावी को शामिल किया था जिन्होने जांच के दौरान पाया था कि उप वन मंडल केवलारी के अंतर्गत दुधिया वृत के कुम्हडा बीट में 59 ठूठ, देवझिर में 11, सोनखार में 11, केवलारी में 25, मसानबर्रा में 28, कंचनवाड़ा में 24 कुल 165 ठूठ मिले थे जहां की लकडिय़ा सागौन तस्कर काटकर ले गए। इस मामले में शासन ने रेंजर अमित सोनी सहित परिक्षेत्र सहायक केवलारी बाबूलाल गढ़पाले, परिक्षेत्र सहायक दुधिया रामकिशोर उईके के साथ-साथ तीन नाकेदारों में राजाराम बघेल, जितेन्द्र परते और अखिलेश परते को निलंबित कर दिया। उक्त कार्यवाही हुए लगभग एक महीने से ज्यादा का समय बीत गया बावजूद इसके विभाग के द्वारा अब तक यह पता नही लगाया जा सका कि एसडीओ गुरूदेव और रेंजर अमित सोनी ने किन सागौन तस्करों के साथ मिलकर जंगल का सफाया किया था। अभी तक वन विभाग ने इस पूरे मामले में सागौन के पेड़ काटने वाले तस्करों का पता नही लगा सका या यूं कहें कि निलंबन के बाद वन विभाग की कार्यवाही शिथिल पड़ गई।

सूत्र बताते है कि कुछ उच्च अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध है। संभवतः यही कारण है कि वन विभाग की टीम सागौन तस्करों के बारे में पता लगाने में लापरवाही बरत रही है।

# केमिकल ट्रीटमेंट से सब्जियों और फलों का चमकाना, स्वास्थ्य पर डाल रहा है गंभीर असर

**केमिकल से धुली सब्जियां और फल दिखने में आकर्षक और ताजगी से भरपूर प्रतीत होती हैं, लेकिन घर लाने के कुछ घंटों बाद ये जल्दी ही खराब होने लगते हैं।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।





जिले में सब्जियों और फलों को ताजा और चमकदार बनाने के लिए केमिकल ट्रीटमेंट किया जा रहा है। हालांकि, यह केमिकल से धुली सब्जियां और फल दिखने में आकर्षक और ताजगी से भरपूर प्रतीत होती हैं, लेकिन घर लाने के कुछ घंटों बाद ये जल्दी ही खराब होने लगते हैं। इसके अलावा, इनका सेवन करने से एलर्जिक रिएक्शन हो सकता है और यह किडनी व लिवर की जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकता है।

## केमिकल से उत्पन्न हो रही ये गंभीर बीमारियां

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन के अनुसार सब्जियों को केमिकल से चमकाने से यह शरीर में एकत्र होकर गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती हैं। कई बार, इन सब्जियों के सेवन से एलर्जिक रिएक्शन, हार्ट डिजीज, लिवर और किडनी फेल होने का खतरा बढ़ सकता है। साथ ही, पेट की बीमारियां, बीपी, गैस, कैंसर, और फूड प्वाइजनिंग जैसी समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए, विशेष रूप से आकर्षक रंग और आकार वाली सब्जियों से बचना चाहिए और सामान्य रंग रूप वाली सब्जियों का सेवन करना शरीर के लिए अधिक लाभकारी है।

## इन सब्जियों में हो रहा इस्तेमाल

शहर में बिक रही सब्जियों में कद्दू, लौकी, भिंडी, करेला, शिमला मिर्च, फूलगोभी, पत्तागोभी, धनियां, पालक, टिंडा, तुरई और परवल को ग्रीन केमिकल से चमकाया जाता है। बैगन में कीड़ों के छेद होने पर उसमें केमिकल मिश्रित मसाला भर दिया जाता है। इसके अलावा, लौकी के डंठल में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन लगाने से लौकी रातों-रात लंबी हो जाती है। मेलाथियान के घोल में बासी सब्जियां डुबाकर 24 घंटे में ताजा सब्जी जैसी चमक प्राप्त की जाती है। हरे रंग का केमिकल भी इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें हरा रंग, सरसों का तेल और केमिकल मिलाकर सब्जियों को चमकाने के लिए डुबोया जाता है।

## कैसे करें पहचान?

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने बताया कि सब्जी की गंध से उसके केमिकल ट्रीटमेंट का पता लगाया जा सकता है। इसके अलावा, यदि सब्जी को 12-16 घंटे तक खुले में रखा जाए तो केमिकल ट्रीटमेंट वाली सब्जी में कालापन आ जाता है। ज्यादा हरी सब्जियों को पानी से धोकर या हाथ से रगडकर भी इस ट्रीटमेंट का पता लगाया जा सकता है। साथ ही, केमिकल ट्रीटमेंट वाली सब्जी पकने में अधिक समय लेती है।

# राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड सम्मान समारोह में सहभागिता करेंगे जिले के 7 विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के अनुसार राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड एवं सम्मान समारोह दिनांक 20 एवं 21 मार्च2025 को आईएएसई परिसर भोपाल में आयोजित है। जिसमें कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी पवार नवजीवन विजय के मार्गदर्शन में सत्र 2024-25 ओलंपियाड अंतर्गत जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में अंग्रेजी विषय में चयनित (प्रथम स्थान) कक्षा 02 से 08 के 07 प्रतिभागी बच्चे, 07 अभिभावक, 07 मार्गदर्शी शिक्षक एवं एपीसी अकादमिक कुल 22 व्यक्तियों की सहभागिता जिले से होगी। चयनित प्रतिभागियों का विवरण रूचि शिववेदी कक्षा ,शा.प्रा.शा.छपारा कालोनी , भव्या नागले, कक्षा-तीसरी सीएमराईज डूंडा सिवनी, रत्नेश भारद्वाज, कक्षा-04 सीएमराईज डूंडा सिवनी, अदव्य परिहार कक्षा-पॉंचवी शा. प्रा. शा. राजारानीटोला, आदित्य मेहरा, कक्षा-छटवीं शा.मा.शा.चंदोरीखुर्द , मान्शू बागरी, कक्षा-सातवीं सीएमराईज डूंडा सिवनी , पारस तिवारी, कक्षा- आठवीं सीएमराईज केवलारी राज्य स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में सहभागिता करने हेतु जिले के 22 सदस्यीय दल को 19 मार्च, 2025 को दोपहर 03 बजे जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी से रवाना किया जावेगा। प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं मार्गदर्शी शिक्षकों को प्रतियोगिता स्थल तक एक साथ सुरक्षित लाने ले जाने हेतु एक टेऊ व्हलर वाहन अधिकृत किया गया है। जिला परियोजना समन्वयक महेश बघेल की उपस्थिति में 22 सदस्यीय दल को भोपाल रवाना किया जावेगा।

# होली में चाकू बाजी करने वाले 5 आरोपी 1 विधि विरूद्ध बालक पहुंचे जेल

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता चाकू बाजी की घटनाओं को लेकर अति संवेदनशील है एवं ऐसे आरोपियों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही हेतु अग्रेसित है।

एएसपी गुरुदत्त शर्मा एवं सीएसपी पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा ऐसी घटनाओं पर स त कार्यवाही की जाती रही है। विगत14 मार्च को आपसी पुराने झगड़े को लेकर छिंदवाड़ा रोड पेट्रोल पंप के पास कुछ लोगो ने आपस में झगड़ा किये। झगड़े के दौरान एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष के तीन लोगो पर जान से मारने की नीयत से चाकू डण्डा एवं राफ्टा से चोट पहुंचाकर घायल किये। सूचना मिलने पर मौके पर तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर घायल आरोपियों को जिला चिकित्सालय में ईलाज हेतु भिजवाया गया। घायल पक्ष की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 296,115 (2), 118(1), 351(2), 109(1), 191(3) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना कारित करने वाले 05 आरोपी मोहित उर्फ मुईय्या पिता लेखराम वर्मा 19 वर्ष, धन्नंजय पिता मनोहर वर्मा 21 वर्ष दोनों निवासी सिवनी, राहुल राठौर पिता उत्तमसिंह राठौर 21 वर्ष निवासी मरझोर सिवनी, शाहीद शाह पिता साकेत शाह 27 वर्ष निवासी जनता नगर थाना डूण्डासिवनी, विवेक पिता रामदयाल मानाठाकुर 30 वर्ष निवासी कुच्छबुंदिया मोहल्ला सिवनी व 01 विधि विरूद्ध बालक को गिर तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा उक्त आरोपी को जेल तथा विधि विरूद्ध बालक को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है। आरोपियों के कब्जे से एक चाकू, एक लोहे का राफ्टा, दो प्लास्टिक तथा दो लकड़ी के डण्डे, चार मोबाईल फोन एवं घटना में प्रयुक्त दो मोटर सायकिल जप्त की गई।

उक्त कार्यवाही में निरी. सतीश तिवारी, सउनि. संतोष बेन, संजय यादव, रामअवतार डहेरिया, प्र.आर. मुकेश विश्वकर्मा, आर. नितेश राजपूत, अमित रघुवंशी, प्रतीक बघेल, महेन्द्र पटेल, हेमराज बघेले, चीता मोबाईल स्टाफ, योगेश तुलसीकर, इरफान खान का विशेष योगदान रहा।

## रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आईटीआई सिवनी में 20 को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी तथा शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से दिनांक 20 मार्च 2025 को शासकीय आई.टी.आई. बरघाट रोड सिवनी में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिलास्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। नियोजको द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच के इच्छुक आवेदक जो कक्षा 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित होवें। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## पुष्पराज हेड़ाऊ को कन्या रत्न की प्राप्ति

**सिवनी।** नगर पालिका परिषद सिवनी केलेखा शाखा में कार्यरत पुष्पराज हेड़ाऊ पप्पू को द्वितीय कन्या रत्न की प्राप्ति हुई। इनकी पत्नी ने जिले के एक निजी चिकित्सालय में स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया । जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इस मौके पर कार्यालय संतोष करोसिया, बसंत चौहान, बॉबी तिवारी, राज सोनी, संतोष यादव एवं मुकेश चौहान सहित सभी कर्मचारियों ने उन्हें बधाई प्रेषित की।

# जिलास्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 104 आवेदन

**सिवनी ।** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।



जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील घंसौर ग्राम कहानी निवासी भुक्कूलाल अहिरवार द्वारा वेतन वृध्दि एरियर्स की राशि भुगतान कराने विषयक, तहसील केवलारी ग्राम जेवनारा निवासी गिरधारी मेश्राम द्वारा नामांतरण कराने विषयक, ग्राम सापापार मुंगवानी सिवनी निवासी मूरत सिंह सनोडिया द्वारा फसल पंजीयन निरस्त कराने विषयक, तहसील घंसौर ग्राम कुडोपार निवासी हबीब शाह द्वारा पात्रता पर्ची दिलाने, ग्राम चारगांव निवासी राममनी द्वारा आवागमन का रास्ता अवरूध्द करने की शिकायत विषयक, तहसील बरघाट ग्राम दुल्हापुर निवासी महादेव नागदेवे द्वारा बिरसामण्डा योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बोरदई सिवनी निवासी सुदामा बाई द्वारा पट्टा दिलाने, तहसील छपारा ग्राम गंगई रैयत निवासी शेख रहमुद्दीन द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने विषयक, ग्राम छिड़ियापलारी सिवनी निवासी गीता पटेल द्वासरा बीपीएल सर्वे सूची में नाम जुड़ाने, विवेकानंद वार्ड सिवनी निवासी रामकुमार विश्वकर्मा द्वारा दुकान का खसरा नक्शा की नकल दिलाने, सिवनी निवासी सुरेश सोनी द्वारा लंबित एरियर्स राशि का भुगतान कराने, ग्राम बंडोल सिवनी निवासी संतोष राय द्वारा फसल बीमा की राशि दिलाने, महामाया वार्ड सिवनी निवासी श्रीमती माया पाठक द्वारा अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, ग्राम तिघरा निवासी रामेश्वर यादव एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा रोड बनवाने विषयक, तहसील लखनादौन ग्राम नागनदेवरी निवासी दयाराम द्वारा वनभूमि का पट्टा दिलाने, महामाया वार्ड सिवनी निवासी अनूप मिश्रा द्वारा सोमवारी चौक से पीजी कॉलेज तक रोड मरम्मत कराने विषयक, ग्राम कन्हरगांव निवासी सुखदेव द्वारा वृध्दा पेंशन दिलाने, ग्राम आलोनिया सिवनी निवासी श्वेता परिहार द्वारा हल्का पटवारी द्वारा सीमांकन न करने की शिकायत विषयक सहित कुल 104 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

# 21 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, म0प्र0 भोपाल का पत्र कमांक / 1037/ उप0 संर0/2025 दिनांक 10/03/2025 अनुसार 14 एवं 15 मार्च-2025 को होली/धुरेंडी के त्यौहार का अवकाश होने के कारण 15 मार्च को आयोजित होने वाला विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 21 मार्च 2025 को ग्राम बींझावाडा स्थित कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिवनी के सभाकक्ष में दोपहर 2:00 बजे से कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन में स्वैच्छिक संगठनों, उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम के सदस्यों, चेम्बर ऑफ कामर्स, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, पैट्रोल पम्प संचालकों, भारतीय जीवन बीमा निगम, दूरसंचार विभाग, घरेलू गैस एजेन्सी, मध्य क्षेत्र पूर्व विद्युत वितरण कम्पनी, उपसंचालक, खाद्य एवं औषधी प्रशासन, नापतौल विभाग तथा अन्य विभागों को कार्यशाला में उपस्थित होने का अनुरोध हैं। उक्त आयोजन के संबंध में शासन से प्राप्त दिशा निर्देश पृथक से संलग्न हैं।

## रंगपंचमी आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, रंग पंचमी के दिन देवी-देवता पृथ्वी पर अवतरित होकर होली खेलते हैं. इस दिन भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी ने प्रेम और आनंद के रंगों में सराबोर होकर होली खेली थी. यह पर्व विशेष रूप से मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में धूमधाम से मनाया जाता है.रंग पंचमी के दिन राधा-कृष्ण को गुलाल और अबीर अर्पित किया जाता है, शोभायात्राएँ निकाली जाती हैं, और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है. मान्यता है कि इस दिन रंग खेलने से दैवीय शक्तियाँ प्रसन्न होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है. रंग पंचमी का पर्व इस वर्ष बुधवार, 19 मार्च 2025 को मनाया जाएगा. हिंदू पंचांग के अनुसार, पंचमी तिथि 18 मार्च 2025 को रात 10.09 बजे से प्रारंभ होकर 20 मार्च 2025 को रात 12.36 बजे तक रहेगी।

# मलारा क्षेत्र के किसानो ने गेहू की फसल क्षति का मुआवजा की मांग को लेकर तहसीलदार केवलारी को सौंपा ज्ञापन



**केवलारी।** तहसील केवलारी के अन्तर्गत आने वाले ग्राम मलारा क्षेत्र के किसानो ने आज दिन मंगलवार दोपहर 2 बजे करीब केवलारी तहसील कार्यालय आकर तहसीलदार सतीष चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में लेख किया गया कि माह मार्च 2024 को हुई ओलावृष्टि से हमारी गेहूं की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गयी थी । हलका पटवारी राजस्व निरीक्षक महोदय ने फसल क्षति का सेर्व किया था। लेकिन आज दिनांक तक हम फसल क्षति का मुआवजा प्रदाय नहीं किया गया। शीघ्र मुआवजा प्रदान करने के लिए निवेदन किया गया

मात्र 999/sq.Ft में प्लाट उपलब्ध
गौतम बुद्ध बिहार सिटी
सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी रेरा अप्रूव्ड टी एन सी पी विकास अनुमति डायवर्टेड कॉलोनी
बरघाट बाईपास से कटंगी बाईपास, न्यू डूडा सिवनी थाना के पास ग्राम छिड़िया पलारी सिवनी संपर्क 9589249192, 8871779192

### सिकंद्रा पंचायत में चाय-किराना दुकानों में बिक रही शराब

## अवैध शराब बिक्री से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के वारासिवनी स्थित सिकंद्रा पंचायत में अवैध शराब बिक्री से ग्रामीण परेशान हैं। मंगलवार को जनसुनवाई में ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि गांव के तीन टोलों में बिना लाइसेंस के चाय, किराना और पानठेले की दुकानों में शराब बेची जा रही है।

सरपंच कन्हैया खैरवार के अनुसार पंचायत में लाखों रुपए की लागत से बने खेल मैदान और भवन को शराबियों ने अपना अड्डा बना लिया है। इस वजह से बच्चे वहां खेलने से डरने लगे हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

पटेलटोला की रहने वाली सीमा पारधी ने बताया कि अवैध शराब बिक्री से परिवारों पर बुरा असर पड़ रहा है। शराब पीकर घर आने वाले लोग महिलाओं को प्रताड़ित करते हैं। इससे बच्चों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस समस्या के समाधान की मांग की है।



### न्यायालय ने आरोपियों को भेजा जेल, अग्रिम जमानत की फिराक में थे आरोपी

## वन्य प्राणी बाघ के शिकार के दो फरार आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** वन्य प्राणी बाघ के शिकार के मामले में अग्रिम जमानत के फिराक में घूम रहे दो आरोपियों को वन विभाग की टीम ने मंगलवार की दोपहर करीब ढ़ाई बजे के आस-पास गिरफ्तार किया है. वहीं दोनों ही आरोपियों को माननीय व्यवहार कटंगी के समक्ष पेश किया गया जहां से दोनों ही आरोपियों को जेल भेज दिया गया है. वन विभाग ने शाम 06 बजे प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि लकेश पिता अशोक और रमेश पिता लालचंद को गिरफ्तार किया गया. यह दोनों ही आरोपी अग्रिम जमानत लेने की फिराक में थे. वन विभाग की एक टीम घटना दिनांक 01 मार्च से ही आरोपियों की तलाश कर रही थी. आज जब यह अग्रिम जमानत की फिराक में कटंगी की तरफ आ रहे थे तो मुखबिर की सूचना पर इन्हें कटंगी-कोड़मी मार्ग पर गिरफ्तार कर लिया गया।

बता दें कि 01 मार्च को वन परिक्षेत्र कटंगी के मुंदीवाड़ा वृत के कोड़मी बीट में जल संसाधन विभाग के डूब क्षेत्र में बेरसम की झाड़ियों के बीच व्यस्क वन्य प्राणी बाघ (नर) का शव मिला था. चिकित्सकों ने प्रारंभिक निष्कर्ष में भूख-प्यास की वजह से बाघ की मौत होने का अनुमान लगाया गया था. गौरतलब हो कि बाघ के गले में एक तार का फंदा लटका हुआ था. वन विभाग की टीम ने वन्य प्राणी के शिकार के मामले में 03 मार्च को कोड़मी निवासी आरोपी करण पिता शिवाजी लाड़े को गिरफ्तार किया था. वहीं अन्य आरोपियों की तलाश कर रही थी. जिसमें मंगलवार को वन विभाग को सफलता मिली है. आरोपी के विरुद्ध वन अपराध 11919 दर्ज किया गया है. जिनके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 39, 48, 49, 50, 51, 52 की कार्रवाई की है।

## ग्राम सुसवा में एक व्यक्ति द्वारा मंदिर की मूर्ति को तोड़ने पर ग्रामीणों ने पीटा, किया पुलिस के हवाले



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मन्दिर की मूर्तियां को तोड़कर ग्रामीणों की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले व्यक्ति को ग्रामीणों ने जमकर पीटा ,100 डायल की मदद से पुलिस के हवाले किया। एंकर- ग्राम सुसवा में उस वक्त आक्रोश पैदा हो गया जब पता चला कि किसी व्यक्ति ने ग्राम के मंदिर में स्थापित भगवानो की प्रतिमाओ को कुल्हाड़ी से तोड़ दिया है।

घटना किरनापुर थाने के अन्तर्गत आने वाले ग्राम सुसवा की है जंहा विनोद बनवाले उम्र 37 वर्ष निवासी सुसवा द्वारा सुबह 08 बजे ग्राम के मंदिर में स्थापित भगवान श्रीराम, सीता एंव लक्ष्मण सहित भगवान शिव की प्रतिमाओं को कुल्हाड़ी से तोड़ दिया जिसे ग्रामीणों ने स्वयं देखा कुछ ग्रामीणों ने उसे पकड़कर उसकी जमकर पिटाई की और उसे रस्सी से बांधकर रख दिया

उक्त घटना की ग्राम पंचायत सुसवा के सरपंच प्रकाश बाहे द्वारा किरनापुर को सूचना देते हुए 100 डायल की मदद ली गई। जानकारी लगते ही किरनापुर पुलिस करीब 12 बजे दोपहर में मौके पर पहुंची और आरोपी विनोद बनवाले को थाना लाकर अग्रिम कार्यवाही कर रही है।

हालांकि ग्रामीण इस बात से काफी आक्रोशित दिखे की पूर्व में भी उक्त व्यक्ति विनोद बनवाले द्वारा 01 से डेढ़ महीने पूर्व ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक सचिन शिवाले को जान से मारने की धमकी देते हुए कुल्हाड़ी लेकर मारने के लिए दौड़ाया गया था पंचयात में तोड़ फोड़ की गई लेकिन पुलिस विभाग सहित उच्च अधिकारियों ने उस कार्यवाही ना करते हुए छोड़ दिया जिससे उसके हौसले बुलंद हो गए ग्रामीणों का तो यहाँ तक कहना है अब घर से निकलने में भी डर लगने लगा कि उक्त व्यक्ति किसी पर भी हमला ना कर दे। तत्पश्चात जनपद पंचायत किरनापुर के उपाध्यक्ष भुवन भाऊ रंहांगडाले स्थल पर जायजा लेने पहुंचे जनता को समझाइश दी।

### बालाघाट भाजपा कार्यालय में सर्वधर्म समभाव के साथ मनाया रंगों का त्योहार

## होली मिलन समारोह में नपाध्यक्ष के फाग गीतों पर थिरके

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट भाजपा कार्यालय में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अपराह्न 4 बजे से प्रारंभ हुआ। समारोह में जिले भर से भाजपा नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए।

कार्यकर्ताओं ने प्राकृतिक रंगों से एक-दूसरे का तिलक कर होली की शुभकामनाएं दीं। नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर ने आर्केस्ट्रा के साथ फाग गीतों की प्रस्तुति दी। 'होलिया में उड़े रे गुलाल' से लेकर 'होली रे होली' जैसे गीतों का सिलसिला शाम तक चला।

भाजपा अध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने कहा कि पार्टी कार्यालय की यह परंपरा रही है कि होली का त्योहार हर वर्ष सद्भावना और भाईचारे के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार भी हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई समुदाय के लोगों ने एकजुट होकर त्योहार में हिस्सा लिया।



कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अनिल धुवारे मौजूद रहे। भाजपा नेता राजेश पाठक, युवा नेत्री मौसम हरिनखेड़े और अभय कोचर सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव



### शराब पीकर घर से निकला था, आत्महत्या की आशंका

**बालाघाट।** बालाघाट के लामता-परसवाड़ा मार्ग पर आम के पेड़ से एक युवक का शव लटका मिला। मृतक की पहचान भोंडवा निवासी 28 वर्षीय भीष्म प्रताप के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह शव पेड़ से लटके देखा। लामता थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम एएसआई मरकाम के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा किया और दोपहर 12 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

जांच में सामने आया है कि भीष्म प्रताप शराब का आदी था। घटना से एक दिन पहले उसने घर में जमककर शराब पी और खाना खाया था। खाना खाने के बाद घर से निकला था और रात को वापस नहीं लौटा। पुलिस को आशंका है कि युवक ने नशे की हालत में आत्महत्या की होगी।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट में पैरालीगल वॉलन्टियर्स की बैठक आयोजित

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट श्रीमान प्राणेश कुमार प्राण के कुशल मार्गदर्शन में पैरालीगल वॉलन्टियर्स की बैठक/प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट में किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीश शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे तथा डिफेंस काउंसिल स्टॉफ, जिविसेप्रा स्टॉफ एवं पैरालीगल वालेन्टियर्स उपस्थित रहे। बैठक में श्री सतीश शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि विधिक सेवा का परम उद्देश्य ''न्याय सबके लिए'' की सफलता चाबी है जब देश के प्रत्येक व्यक्ति तक चाहे वे दूरस्थ क्षेंत्रों में स्थित हो उन तक विधिक सहायता पहुंचें। पैरालीगल वॉलन्टियर्स से यह अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसा कार्य करे।

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला 21 मार्च को

**बालाघाट।** जिले में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 21 मार्च को किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला दोपहर 12:30 बजे से प्रारम्भ होगी। पूर्व में यह कार्यशाला 15 मार्च को निर्धारित की गई थी, किंतु होली-धुरेड़ी के त्यौहार के अवकाश के कारण आयोजन की तैयारियों में कठिनाई और आयोजन में प्रतिभागियों तथा उपभोक्ताओं की सहज उपलब्धता की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए कार्यशाला का आयोजन अब 21 मार्च को निर्धारित किया गया है। यह कार्यशाला उपभोक्ताओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

## मॉयल को मीडिया एक्सीलेंस अवार्ड में तीन पुरस्कार मिले

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले मिनी रत्न सरकारी उपक्रम मॉयल लिमिटेड को गत दिवस सम्पन्न 19वें मीडिया एक्सीलेंस अवार्ड 2025 में तीन पुरस्कार से सम्माननीत किया गया है। जो उनके लगातार उत्कृष्टता, नवाचार और नेतृत्व को पहचानने का प्रमाण है। इन पुरस्कारों में मानव संसाधन उत्कृष्टता पुरस्कार, कार्पोरेट संचार उत्कृष्टता पुरस्कार और राष्ट्रीय महिलाअचीवर्स पुरस्कार शामिल है। जिसे मॉयल के निदेशक मानव संसाधन श्रीमती उषा सिंह को प्रदान किया गया। यहां तक कि श्रीमती सिंह और अन्य तीन सदस्यों का यह समपर्ण और मेहनत पूरी टीम के लिये प्रेरणा का स्त्रोत है। यह कार्यक्रम गत दिवस नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। जिसमें मॉयल की ओर से एन.काजरेकर महाप्रबंधक वित्त, रितेश माने मुख्य प्रबंधक कार्मिक एवं सुश्री कविता पाद्यी प्रबंधक कार्मिक ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। यह मॉयल के लिये एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इस सफलता से मॉयल के नेतृत्व में लगातार सुधार, सशक्तिकरण और उत्कृष्टता की दिशा अग्रसर होने की प्रेरणा मिलता है। इन उपलब्धियों से स्पष्ट है कि कंपनी नवाचार, उत्कृष्टता और सशक्तिकरण के साथ आगे बढता जा रहा है।




## डॉ. आम्बेडकर के पौत्र एवं धम्म संस्था के ट्रस्टी डॉ. भीमराव य. आम्बेडकर साहेब हजारों कार्यकर्ताओं के साथ आंदोलन में शामिल

### बिहार विधानसभा में आंदोलन की आवाज उठाने वाले विधायक सतीश कुमार दास ने डॉ.भीमराव साहेब का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



तथागत बुद्ध की ज्ञानप्राप्ति स्थल महाबोधी महाविहार बोधगया विहार का सम्पूर्ण नियंत्रण बौद्धो को सौंपने और अधिनियम (B.T.Act) 1949 रद्द करने हेतु आल इंडिया बौद्ध फोरम, दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया,समता सैनिक दल एवं समाज के अन्य तमाम संघठनों द्वारा पटना में दिनांक 17/09/2024 से शुरु किया है। इसी आंदोलन के क्रम में दिनांक 12/02/2025 से अनिष्चित कालीन भुख हड़ताल धरना,आंदोलन पुज्य भिक्खु संघ एवं देश के विभिन्न संघठनों द्वारा जारी है। इसी क्रम में बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर जी के पौत्र एवं धम्मसंस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के ट्रस्टी एवं राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डॉ. भीमराव य. आम्बेडकर साहेब स्वयं हजारों कार्यकर्ताओं के साथ आंदोलन में दिनांक 18, 19 मार्च को शामिल होने गए है। बिहार विधान सभा महाबोधिविहार मुक्त करने हेतु जोरदार तरीके से आवाज बुलंद करने वाले विधायक माननीय सतीश कुमार दास जी ने पटना में डॉ.भीमराव ये.आंबेडकर साहेब का आत्मीय सम्मान किया एवं आंदोलन की आवाज विधान सभा में बुलंद की ऐसी जानकारी विधायक महोदय ने डॉ भीमराव साहब को दी,डॉ भीमराव साहब बिहार के मुख्यमंत्री मा.नीतीश कुमार जी को निवेदन पत्र देने के लिए विधायक जी को सौंप दिया,इस विषय में ओर विधायकों के समर्थन के साथ मा.मुख्यमंत्री से भेट करने हेतु आश्वत किए।डॉ. भीमराव य. साहेब के निर्देश से बिहार, उ.प्र. राज्य शाखा के प्रभारी संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.एड.जगदीश गवई साहेब मुंबई, इंजी. पद्माकर गनवीर साहेब राष्ट्रीय संघठक नागपुर अपनी टीम के साथ बोधगया में शामिल हो गए एवं पुज्य भिक्खुसंघ के साथ जो बोधगया के लिए रवाना हुए थे, रास्ते में संस्था की जबलपुर यूनिट के जिलाध्यक्ष दिपक आडकने जी, महासचिव एस. एल. वर्मा जी, उपाध्यक्ष संतोष मराठा,सुनिल मानेकर,भारत कोरी एवं अन्य साथी यो ने आत्मीय अभिनन्दन किया।दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया की महाराष्ट्र,म.प्र. एवं देश के कोने-कोने से कार्यकर्ता, पदाधिकारी, बस ट्रेन आदि से पहुँच रहे है। इसी प्रकार म. प्र. के अध्यक्ष डॉ. चरनदास ढेंगरे महामंत्री मेजर डॉ. उत्तम प्रधान ने प्रदेश के सभी जिलो के कार्यकर्ता, धम्मबंधुओं से बोधगया के आंदोलन में तन मन धन से सहयोग देकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

## 116 साल पुराने रेंजर कॉलेज को बचाने की मुहिम



### बालाघाट के बुद्धिजीवियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कहा- यह जिले की पहचान का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के ऐतिहासिक रेंजर कॉलेज को जबलपुर शिफ्ट करने के प्रस्ताव का विरोध तेज हो गया है। मंगलवार को शहर के बुद्धिजीवियों ने कलेक्टर मृणाल मीणा के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपा।

1907 में अंग्रेजी शासन काल के दौरान स्थापित यह कॉलेज 2014 तक रेंजरों को प्रशिक्षण देता रहा। 2014 में अंतिम बैच के बाद यहां प्रशिक्षण कार्य बंद हो गया। अब इसे जबलपुर शिफ्ट करने की खबरों से स्थानीय लोगों में रोष है।

युवा नेता विशाल बिसेन ने कहा कि सीसीएफ का कनेक्टिविटी को लेकर दिया गया बयान पूरी तरह बेतुका है। उन्होंने कहा कि जब आवागमन के साधन सीमित थे, तब भी यहां फैकल्टी और प्रशिक्षु आते थे। अब जब शहर विकास कर रहा है, तब कनेक्टिविटी का बहाना बनाना गलत है।

डॉ. बी.एम. शरणागत ने कॉलेज की शिफ्टिंग को एक साजिश बताया। मानवाधिकार आयोग मित्र फिरोजा खान ने कहा कि वनों की अधिकता के कारण यह जिला रेंजर कॉलेज के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है।बुद्धिजीवियों ने चेतावनी दी है कि अगर कॉलेज की शिफ्टिंग नहीं रोकी गई तो वे चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। उनका कहना है कि यह मामला केवल एक कॉलेज का नहीं, बल्कि जिले की अस्मिता और स्वाभिमान से जुड़ा है।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में आए 32 आवेदन

**मण्डला।** जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने 32 आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए उनके समुचित निराकरण के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ने पिछली जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि प्रकरणों का यथोचित निराकरण कराएं। सम्पन्न हुई जनसुनवाई में नैनपुर निवासी अब्दुल खालिक कुरैशी ने श्रवण यंत्र, गुरारखेड़ा निवासी गणेश प्रसाद ने त्रुटि सुधार, केहरपुर निवासी अवधेश वाजपेयी ने वृद्धापेंशन, चिरईडोंगरी निवासी दीक्षा ने सर्पदंश की आर्थिक सहायता के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, श्री अरविंद सिंह, श्री जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## ट्रांसजेंडर समुदाय को मिले समाज में बराबरी का हक

### बालाघाट के कमला नेहरू कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी; विशेषज्ञ बोले- प्रकृति नहीं करती भेदभाव

हरिभूमिन न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के शासकीय कमला नेहरू कन्या कॉलेज में लैंगिक समुदाय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। चेतना फ्लैगशिप कार्यक्रम के तहत 18 मार्च को शुरू हुई संगोष्ठी में लैंगिक समुदाय का उभरता प्रतिमान, चुनौतियां और संभावनाओं पर चर्चा की गई।

संगोष्ठी में अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके चंदेलकर मुख्य अतिथि रहे। दुर्ग के भारती विश्वविद्यालय की विजिटिंग प्रोफेसर डॉ. सुचित्रा शर्मा और ट्रांसजेंडर सोशल वर्कर कंचन शेंद्रे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

विशेषज्ञों ने कहा कि प्रकृति पुरुष, महिला और ट्रांसजेंडर में कोई भेदभाव नहीं करती। ऐसे में समाज को भी ट्रांसजेंडर समुदाय को समान अधिकार, सम्मान और पहचान देनी चाहिए।

कार्यक्रम के दूसरे दिन राजाशंकर शाह विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. धनाराम, सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक डॉ. रेखा बाली राठौर और नागपुर के यशोदा गर्ल्स आर्टस एंड कॉमर्स कॉलेज के इतिहास विभाग प्रमुख डॉ. सूर्यकांत कापशीकर मुख्य वक्ता होंगे। संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राध्यापक और छात्राएं भी मौजूद रहीं।

## कछार की पहाड़ी में लगी आग, करीब 5 किमी. दूर से देखी जा रही लपटें

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

वन परिक्षेत्र कटंगी के मुंदीवाड़ा वृत की कछार पहाड़ी में भीषण आग लगी हुई है. आग की लपटें 05 किमी दूर से ही देखी जा रही है. मंगलवार की शाम 07 बजे आग की लपटों को बहुत तेजी से फैलते हुए देखा गया. फिलहाल वन विभाग की टीम आग बुझाने की हरसंभव कोशिश में है. वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार के नेतृत्व में सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी कस्तुरा उइके और महिला वन रक्षक शशीकला चन्द्रवेल अन्य स्टॉफ के साथ आग पर काबू पाने के लिए मैदान में डटी हुई है. आग लगने से सैंकड़ों पेड़-पौधे जलकर नष्ट हो गए ऐसी जानकारी सामने आ रही है. वहीं



वन्य प्राणियों पर भी आग का खतरा मंडरा रहा है. ऐसे में वन विभाग के सामने यहां दोहरी चुनौती है उसे वन और वन्य प्राणी दोनों को ही सुरक्षित बचाना है. गर्मी का मौसम होने के कारण वन अमले को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है. पहाड़ पर लगी आग में पेड़ जल रहे हैं, जो रात के समय दूर से ही दिखाई दे रहे है लोग दहकती हुई आग को देखकर अपने वाहन सड़क पर खड़े कर आग की लपटें देखने रुक जाते हैं।

जंगल में आग लगने से कई वन्य जीवों के रहवास भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है. आग इतनी भीषण है कि दूर से ही आग की लपटें और धुआं दिखाई दे रहा है. शाम के समय तो पूरा जंगल ही आग की लपटों से घिरा हुआ नजर आया. कस्तुरा उइके ने बताया कि करीब 04 दिनों से लगातार आग की सूचना पर वन अमले के साथ मौके पर पहुंचकर वह आग पर काबू पाने के प्रयास कर रही है. बता दें कि इस वर्ष वर्षा अनुमान के मुताबिक कम ही हुई. जिस कारण जंगल जमकर तप रहा है और हल्का सा घर्षण होने पर ही चिंगारी से आग लग रही है. वहीं गांव के कुछ लोग महुआ चुनने के लिए भी आग लगाते है जिस कारण पूरा जंगल एक छोटी सी चिंगारी से आग की चपेट में आ जाता है. बता दें गर्मी शुरू होने के साथ जंगल में आग लगने की घटनाएं सामने आने लगी हैं. इस आग से जंगल में लगे वनस्पति पौधे, पेड़, छोटे जीव आदि जल जाते हैं. कछार की पहाड़ी में आग लगने का कारण अज्ञात है, वन अमला आग बुझाने का प्रयास कर रहा है।

### कल 20 मार्च को अवंती बाई बलिदान दिवस पर आयोजन

**मण्डला।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की प्रणेता 1857 की क्रांति में शहीद हुई वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस देश के विभिन्न स्थानों में गरिमा के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कल 20 मार्च को मण्डला के लालीपुर प्रतिमा स्थल पर दोपहर 12 बजे से अवंती बाई संघर्ष समिति एवं जिला लोधी क्षत्रीय समाज मण्डला द्वारा समारोह आयोजित है। देशभक्ति एवं राष्ट्रीय महत्व के उक्त कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा लोगों से सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।